# छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति
## संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग
### ब्लॉक 01, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ 492002

**एकीकृत बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) के अंतर्गत शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं में कर्मचारियों की संविदा भर्ती के संबंध में विज्ञापन– आवेदन की तिथि में वृद्धि**

एकीकृत बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) के अंतर्गत शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं में कर्मचारियों की संविदा भर्ती के संबंध में पूर्व में प्रसारित विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाईट www.cgstate.gov.in अथवा www.cgwcd.gov.in पर देखी जा सकती है ।

**निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र निम्न पते पर प्रेषित किये जावें –**

1. आवेदन पत्र संबंधित जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रस्तुत करना होगा।
2. **बालिकाओं की संस्था के लिए केवल महिला उम्मीदवार आवेदन कर सकेंगे।**
3 **आवेदन प्रस्तुत करने की संशोधित अंतिम तिथि 30 जनवरी 2016 है।**

**प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।**

**महत्वपूर्ण सूचना –**

**यदि उपरोक्त पदों के लिए राज्य स्तर पर आवेदन भेजा जाता है तो उस पर कोई कार्यवाही न करते हुए निरस्त माना जायेगा।**

**(किरण कौशल)**
**संचालक**
**संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग**
**रायपुर–छत्तीसगढ़**

# छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति
## संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग
### ब्लॉक 01, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ 492002

*"विज्ञापन"*

**एकीकृत बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) के अंतर्गत शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं में कर्मचारियों की संविदा भर्ती के संबंध में विज्ञापन**

एकीकृत बाल संरक्षण योजना के प्रावधानों व स्वीकृति अनुसार शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं में विभिन्न पदो पर संविदा भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से **दिनांक 08 जनवरी 2016** तक आवेदन आमंत्रित हैं। पदों एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है :–

| क. | बाल देखरेख संस्था का नाम | Counselor | Probation Officer/Child Welfare Officer/Case Worker | House Mother or House Father | Paramedical staff | Store-keeper cum Accountant | Cook | Helper | House keeper |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एकमुश्त संविदा वेतन प्रतिमाह | | 17500/- | 17500/- | 11000/- | 9000/- | 14000/- | 7500/- | 6000/- | 6000/- |
| 1 | बाल सम्प्रेक्षण गृह रायपुर (बालक) | 01 | 02* | 04* | 01 | 01 | 02* | 02* | 02* |
| 2 | बाल सम्प्रेक्षण गृह जगदलपुर (बालक) | 01 | 01 | 02* | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |
| 3 | बाल सम्प्रेक्षण गृह बिलासपुर (बालक) | 01 | 01 | 02* | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |
| 4 | बाल सम्प्रेक्षण गृह दुर्ग (बालक) | 01 | 01 | 02* | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |
| 5 | बाल सम्प्रेक्षण गृह राजनांदगांव (बालिका) | 01 | 01 | 02* | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |
| 6 | बाल सम्प्रेक्षण गृह अंबिकापुर (बालक) | 01 | 01 | 02* | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |
| 7 | बाल सम्प्रेक्षण गृह दंतेवाड़ा (बालक) | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |
| 8 | बाल सम्प्रेक्षण गृह जशपुर (बालक) | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |
| 9 | बाल सम्प्रेक्षण गृह अंबिकापुर(बालिका) | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |
| 10 | बाल सम्प्रेक्षण गृह जगदलपुर (बालिका) | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |
| 11 | विशेष गृह दुर्ग (बालक) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 01 |
| 12 | विशेष गृह अंबिकापुर (बालक) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 01 |
| 13 | विशेष गृह राजनांदगांव (बालिका) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 01 |
| 14 | विशेष गृह बिलासपुर (बालक ) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 01 |
| 15 | विशेष गृह जगदलपुर (बालक) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 01 |
| 16 | विशेष गृह अंबिकापुर (बालिका) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 01 |
| 17 | विशेष गृह जगदलपुर (बालिका) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 01 |
| 18 | प्लेस ऑफ सेफ्टी रायपुर, (बालक) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 01 |
| 19 | प्लेस ऑफ सेफ्टी दुर्ग (बालक) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 01 |
| 20 | प्लेस ऑफ सेफ्टी बिलासपुर (बालक) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 01 |
| 21 | प्लेस ऑफ सेफ्टी अंबिकापुर (बालक) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 01 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | प्लेस ऑफ सेफ्टी जगदलपुर (बालक) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 01 |
| 23 | शा. बालगृह रायपुर (बालिका) | 01 | 01 | 02* | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |
| 24 | शा. बालगृह दुर्ग (बालक) | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 25 | शा. बालगृह बिलासपुर(बालिका) | 01 | 01 | 02* | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |
| 26 | शा. बालगृह जगदलपुर (बालक) | 01 | 01 | 02* | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |
| 27 | शा. बालगृह कवर्धा (बालक) | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 | 01 | 01 |
| 28 | शा. बालगृह माना केम्प रायपुर (बालक) | 01 | 01 | 02* | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |

*उपरोक्त पदों की संख्या परिवर्तनीय हो सकती है अथवा अपरिहार्य कारणों से पद/पदों पर नियुक्ति स्थगित की जा सकती है।*

* संस्था में 1 से अधिक पद स्वीकृत है। इन पदो पर छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना कमांक एफ 13–14/2009/आप्र/1–3 दिनांक 4.12.2012 के अनुसार छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियो और अन्य पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण) संशोधन नियम 2012 के अनुसूची 2 में जिला स्तर पर सीधी भर्ती के द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए दिये गये मॉडल रोस्टर लागू रहेंगे।

## उपरोक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होगी :–

| पदनाम | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनुभव | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| परामर्शदाता | समाजशास्त्र /मनोविज्ञान /समाज विज्ञान या समकक्ष विषय में स्नातकोत्तर | कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/वेबआधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए । | शासकीय/अर्द्धशासकीय/ अंर्तराष्ट्रीय एजेन्सियों/शासन से अनुदान प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं, चाईल्ड लाईन, बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्य/किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, के रूप में बच्चों की देखरेख/ संरक्षण/पुनर्वास/बाल कल्याण के क्षेत्र में कम से कम 3 वर्ष का कार्यानुभव। बालक/किशोर मामलों में कम से कम 2 वर्ष तक महिलाओं/बच्चों की काउंसलिंग के अनुभव वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जायेगी। अन्य बाते समान होने पर महिला आवेदक को प्राथमिकता दी जायेगी। | अंग्रेजी, हिन्दी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान। |
| परिवीक्षा अधिकारी/ बाल कल्याण अधिकारी/ केस वर्कर | समाजशास्त्र/मनोविज्ञान/ समाज विज्ञान या समकक्ष सामाजिक विषयो में स्नाकोत्तर अथवा विधि में स्नातक | कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए । | शासकीय/अर्द्धशासकीय/ अंर्तराष्ट्रीय एजेन्सियों/शासन से अनुदान प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं, चाईल्ड लाईन, बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्य/किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, के रूप में बच्चों की देखरेख/ संरक्षण/पुनर्वास/बाल कल्याण के क्षेत्र में 3 वर्ष का कार्यानुभव– सम्प्रेक्षण गृह में विधि स्नातक तथा बाल गृहो में समाज विज्ञान/समाजशास्त्र के आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी। | अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व कार्य करने में दक्ष हो। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| हाउस मदर / हाउस फादर | समाजशास्त्र / मनोविज्ञान / समाज विज्ञान / विधि या समकक्ष सामाजिक विषयो में स्नातक | कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस / वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए । | शासकीय / अर्द्धशासकीय / अंर्तराष्ट्रीय एजेन्सियों / शासन से अनुदान प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं एवं चाईल्ड लाईन / बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष / सदस्य / किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य के रूप में बच्चों की देखरेख / संरक्षण / पुनर्वास / बाल कल्याण के क्षेत्र में कम से कम 2 वर्ष का कार्यानुभव। | अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व कार्य करने में दक्ष हो। |
| पैरा मेडिकल स्टॉफ | एएनएम / एमपीडब्ल्यू अथवा शासन द्वारा निर्धारित संस्थान से उपयुक्त अवधि का नर्सिंग ट्रेनिंग का प्रमाण पत्र | – | शासकीय / अर्द्धशासकीय / निजी चिकित्सालय में पैरा मेडिकल स्टॉफ के रूप में 2 वर्ष का कार्यानुभव | – |
| स्टोर कीपर सह लेखापाल | वाणिज्य / अर्थशास्त्र अथवा समकक्ष विषय में स्नातक , अथवा सी.ए / आईसीडब्ल्यूए इंटर | कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस / टेली तथा कम्प्यूटर / वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए । | शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्थान / चार्टर्ड अकाउंटेन्ट के फर्म में लेखा एवं लेखा संधारण का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव / आर्टिकल क्लर्क के रूप में 3 वर्ष का कार्यानुभव | अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान । |
| रसोईया | आठवीं पास | – | किसी शासकीय / अर्द्धशासकीय / निजी प्रतिष्ठित संस्थान में न्यूनतम 3 वर्ष का रसोईया के रूप में कार्यानुभव। | |
| सहायक रसोईया | पांचवी पास | – | किसी शासकीय / अर्द्धशासकीय / निजी प्रतिष्ठित संस्थान में न्यूनतम 2 वर्ष का रसोईया के रूप में कार्यानुभव। | |
| हाउस कीपर | पांचवी पास | – | किसी शासकीय / अर्द्धशासकीय / निजी प्रतिष्ठित संस्थान में न्यूनतम 2 वर्ष का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्यानुभव। | |

*आवेदन पत्र* ***www.cgstate.gov.in and www.cgwcd.gov.in*** *वेबसाईट पर उपलब्ध है :–*

**निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र निम्न पते पर प्रेषित किये जावें –**

1. आवेदन पत्र संबंधित जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी / जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रस्तुत करना होगा।
2. **बालिकाओं की संस्था के लिए केवल महिला उम्मीदवार आवेदन कर सकेंगे।**
3. आवेदन प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 08 जनवरी 2016** है।

**प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।**

**महत्वपूर्ण सूचना – यदि उपरोक्त पदों के लिए राज्य स्तर पर आवेदन भेजा जाता है तो उस पर कोई कार्यवाही न करते हुए निरस्त माना जायेगा।**

## उपरोक्त पदों हेतु नियम व शर्तें :–

1. संविदा नियुक्ति 2 वर्ष के लिए होगी । तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग/संबंधित जिले के सक्षम अधिकारी द्वारा लिया जा सकेगा, अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी ।

2. संविदा नियुक्ति अवधि में योजना प्रावधानों के अनुसाार एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा । अतः संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नहीं होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के पेंशन उपादान भत्ता मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नहीं होगी ।

3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती है । संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है ।

4. आवेदक की आयु दिनांक 1 दिसम्बर 2015 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए । महिला आवेदिकाओं को सामान्य प्रशासन विभाग के नियमानुसार उम्र मे छूट की पात्रता रहेगी।

5. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है । सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें ।

6. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा । निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक तक आवश्यक रूप से प्राप्त होना चाहिए ।

7. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे । आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची स्व प्रमाणित/सत्यापित होना चाहिए ।

8. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था से नियोक्ता द्वारा जारी एवं स्व प्रमाणित/सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा ।

9. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को आवेदन देने संबंधित जानकारी अपने नियोक्ता को देना होगा ।

10. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे तथा इसके संबंध में उम्मीद्वारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

11. उपरोक्त उल्लेखित योग्यता ना रखने वाले उम्मीद्वार आवेदन ना करें ।

12. बालिकाओं की संस्था के लिए केवल महिला उम्मीदवार आवेदन कर सकेंगे/पात्र होंगे।

13. प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन देना होगा । लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदित किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है । लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से होना चाहिए ।

14. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नहीं होगा ।

15. आवेदन पत्र कार्यालयों में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे । **आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे ।** आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 10 रूपये का टिकट लगा हुआ एक कोरा लिफाफा भी संलग्न करें ।

16. **उपरोक्त पदों पर चयन की प्रकिया निम्नानुसार रहेगी :–**

| पदनाम | चयन प्रकिया |
|---|---|
| 1. परामर्शदाता<br>2. परिवीक्षा अधिकारी / बाल कल्याण अधिकारी / केस वर्कर | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 70 अंक,<br>2. पीजीडीसीए या अन्य अतिरिक्त व्यवसायिक योग्यता के लिए 10 अंक<br>2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 20 अंक दिये जायेंगे। केवल परामर्शदाता अथवा बाल देखरेख एवं संरक्षण के अतिरिक्त अन्य कार्यो के अनुभव का लाभ नही दिया जायेगा। |
| 3. हाउस मदर / हाउस फादर<br>4. पैरा मेडिकल स्टॉफ | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 75 अंक,<br>2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 25 अंक दिये जायेंगे। |
| 5. स्टोर कीपर सह लेखापाल | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 60 अंक,<br>2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 20 अंक दिये जायेंगे।<br>3. टेली सॉफ्टवेयर पर कार्यक्षमता पर अधिकतम 20 अंक दिये जायेंगे। |
| 6. रसोईया<br>7. सहायक रसोईया<br>8. हाउस कीपर | 1.वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 50 अंक,<br>2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 50 अंक दिये जायेंगे। |

**उपरोक्तानुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर अधिकतम प्राप्त अंको की मेरिट सूची के आधार पर अंतिम चयन की कार्यवाही की जायेगी। केवल स्टोर कीपर सह लेखापाल का टेली सॉफ्टवेयर पर कार्यक्षमता का आंकलन किया जायेगा।**

17. प्राप्त आवेदनों के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में संबंधित जिला कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा ।

18. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाईट www.cgstate.gov.in अथवा **WWW.cgwcd.gov.in** पर देखी जा सकती है ।

19. अपात्र अथवा मेरिट क्रम में न आने वाले अभ्यार्थियों को सूचना नही दी जायेगी। चुने हुए अभ्यार्थियों को मेल एवं एसएमएस से सूचना दी जायेगी। अतः सही मेल आईडी व मोबाईल नं. का उल्लेख आवेदन पत्र में किया जावे।

20. आवेदक का आवेदन **दिनांक 08 जनवरी 2016 को सायं 5.00 बजे** तक संबंधित कार्यालयों में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए । इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

21. **महत्वपूर्ण सूचना – यदि उपरोक्त पदों के लिए राज्य स्तर पर आवेदन भेजा जाता है तो उस पर कोई कार्यवाही न करते हुए निरस्त माना जायेगा।**

**(संचालक द्वारा अनुमोदित)**

**संयुक्त संचालक**
**संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग**
**रायपुर–छत्तीसगढ़**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वयं द्वारा पासपोर्ट साईज फोटो पर हस्ताक्षर किया जावे जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए चस्पा करें

प्रति,

**जिला कार्यकम अधिकारी /**
**जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास विभाग**
**जिला – .....**

1. आवेदित पद का नाम एवं संस्था का नाम :– .....

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– .....

   (अंग्रेजी में) :–.....

3. पिता / पति का नाम :– .....

4. स्थायी पता :– .....

   .....

5. (पत्र व्यवहार का पता) :– .....

   .....दूरभाष / मोबाईल.....

6. जन्मतिथि (अंकों में) :– .....

   (शब्दों में) :–.....

7. दिनांक 01 / 12 / 2015 को आयु :–.....

8. लिंग पुरूष / महिला :– .....

9. जाति / वर्ग (अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / सामान्य) जाति ..... वर्ग .....

10. क्या आवेदक शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है ? :–.....

11. विवाहित / अविवाहित / विधुर / परित्यत्ता :– .....

12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि एवं जीवित बच्चों की संख्या :– .....

13. शैक्षणिक योग्यता :–(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड / संस्था का नाम | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. अन्य योग्यता का विवरण :– .....

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– .....

| संस्था का नाम | पद नाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | वेतन एवं पद छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते हैं ।

16. अनिवार्य संलग्नकों की सूची –

1. जन्म तिथि हेतु 10वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र
2. 12वीं की अंकसूची
3. स्नातक की अंकसूची
4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
5. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
6. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

**17. अन्य संलग्नकों का विवरण**

**1**.....

**2**.....

**3**.....

**4**.....

**आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम**

## घोषणा–पत्र

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी ।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

**स्थान** – .....

**दिनांक** – .....